Hindustan-New Delhi-23-03-2011

# महिला इंजीनियरों के लिए विश्वविद्यालय

नई दिल्ली। महिला इंजीनियरों की संख्या बढ़ाने के लिए अब इंदिरा गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान ( आईजीआईटी) को महिला तकनीक विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाएगा। आईजीआईटी को महिला तकनीक विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने के पीछे बड़ा मकसद ये है कि बड़ी संख्या में लड़कियों को तकनीक संस्थान में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया जा सकें। वर्तमान में ये कॉलेज गुरू गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता है। गौरतलब है कि कुछ सालों पहले दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी बनाया गया था। बजट में दिल्ली को नॉलेज सिटी के तौर पर भी विकसित किए जाने की बात कही गई। इसके अलावा तकनीक शिक्षा से संबद्ध डिग्री और डिप्लोमा के विद्यार्थियों के लिए मैरिट स्कॉलरशिप और मैरिट एवं अर्थोपाय स्कॉरशिप योजनाएं शैक्षिक सत्र 2011-12 में संशोधित कर दी गई है। मैरिट स्कॉलरशिप 80 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को मिलेगी जबकि वर्तमान में यह 90 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वालों को दी जाती है। मैरिट एवं अर्थोपाय स्कॉलरशिप 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने वाले सभी विद्यार्थियों को दी जाएगी जिनके माता-पिता की आय दो लाख रुपए सालाना से अधिक न हो। (का.सं.)